Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## जुलाई भाग-2 2024

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न और उत्तर

**1. ग्राम न्यायालयों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें ग्रामीण स्तर पर प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत माना जाता है।
2. ग्राम न्यायालय अधिनियम (2009) नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम को छोड़कर पूरे भारत में लागू है।
3. वे उच्च न्यायालय के नियमों के अनुसार प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ग्राम न्यायालय के बारे में:**
  - **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A** विधि प्रणाली द्वारा न्याय को बढ़ावा देने और **आर्थिक या अन्य अक्षमताओं की परवाह किये बिना सभी नागरिकों के लिये समान अवसर** प्रदान करने हेतु निशुल्क विधिक सहायता सुनिश्चित करता है।
  - यह विज़न वर्ष 2008 में ग्राम न्यायालय विधेयक के पारित होने और उसके पश्चात् वर्ष 2009 में ग्राम न्यायालय अधिनियम के कार्यान्वयन के साथ अस्तित्व में आया।
  - ग्राम न्यायालय को **प्रथम श्रेणी** के **न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय** माना जाता है जिसके पास ग्राम स्तर पर लघु विवादों को निपटाने के लिये **दीवानी और आपराधिक दोनों प्रकार की अधिकारिता** होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह अधिनियम **नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और असम, मेघालय, त्रिपुरा तथा मिज़ोरम के विशिष्ट जनजातीय क्षेत्रों के अतिरिक्त** समग्र भारत में क्रियान्वित है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ये न्यायालय **भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (जिसका स्थान भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ले लिया है)** के तहत साक्ष्य के नियमों से आबद्ध नहीं हैं और उच्च न्यायालय के नियमों द्वारा निर्देशित **नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों** का पालन करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**2. भारतीय संविधान में आपातकालीन प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान में आपातकालीन प्रावधान जर्मनी के वीमर संविधान से प्रेरित हैं।
2. राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा 'युद्ध' या 'बाहरी आक्रमण' और 'आंतरिक अशांति' के आधार पर की जा सकती है।
3. अनुच्छेद 358 के अनुसार, राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा होने पर छह मौलिक अधिकार निलंबित हो जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान में आपातकालीन प्रावधान **जर्मनी के वाइमर संविधान** से प्रेरित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा **'युद्ध' या 'बाहरी आक्रमण'** और 'सशस्त्र विद्रोह' के आधार पर की जा सकती है। **'सशस्त्र विद्रोह'** शब्द **44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978** से जोड़ा गया है। इस शब्द से पहले इसे **आंतरिक अशांति** के नाम से जाना जाता था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद 358** के अनुसार, जब राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की जाती है, तो **अनुच्छेद 19 के तहत** छह मौलिक अधिकार स्वतः ही निलंबित हो जाते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**3. भारतीय संविधान में संसदीय विशेषाधिकारों के प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन विशेषाधिकारों को संसद सदस्यों के लिये अनुच्छेद 105 तथा राज्यों की विधान सभाओं के सदस्यों के लिये अनुच्छेद 194 में परिभाषित किया गया है।
2. इन विशेषाधिकारों के अंतर्गत, संसद सदस्यों को अपने कर्त्तव्यों के दौरान दिये गए किसी भी वक्तव्य अथवा कार्य के लिये किसी भी नागरिक दायित्व और आपराधिक दायित्व से छूट दी जाती है।
3. संसद ने वर्ष 1978 में सभी विशेषाधिकारों को पूर्ण रूप से संहिताबद्ध करने के लिये एक कानून पारित किया।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 3

C. केवल 1 और 3

D. केवल 1

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संसद के सदस्यों तथा उनकी देखरेख वाली समितियों को कुछ विशेषाधिकार, अधिकार और छूट प्रदान की जाती हैं। भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 105 संसद सदस्यों के लिये कुछ विशेषाधिकार** परिभाषित करता है, जबकि राज्य संविधान का **अनुच्छेद 194 विधान सभाओं के सदस्यों को समान विशेषाधिकार** प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन विशेषाधिकारों के अंतर्गत, संसद सदस्यों को अपने कर्त्तव्यों के दौरान दिये गए किसी भी वक्तव्य या कार्य के लिये किसी भी नागरिक दायित्व (**किंतु आपराधिक दायित्व से नहीं**) से छूट दी जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संसद ने सभी **विशेषाधिकारों को पूर्ण रूप से संहिताबद्ध करने के लिये कोई विशेष कानून नहीं** बनाया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**4. डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) का प्राथमिक उद्देश्य है-**

A. डिजिटल प्रौद्योगिकियों में निजी क्षेत्र के नवाचार को बढ़ावा देना

B. डिजिटल सेवाओं और उपयोगिताओं तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना

C. सार्वजनिक डोमेन में इंटरनेट उपयोग और गोपनीयता संबंधी चिंताओं को विनियमित करना

D. डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सरकारी नियंत्रण को केंद्रीकृत करना

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI):**

- **डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) डिजिटल परिवर्तन** का एक महत्त्वपूर्ण प्रवर्तक है, जो बड़े पैमाने पर **लोक सेवा वितरण** को बेहतर बनाने में सहायक रहा है।
- यह देशों को **डिजिटल सेवाओं** और उपयोगिताओं तक **सार्वभौमिक पहुँच** प्रदान करने में सहायक है।
- इसे अच्छी तरह से डिज़ाइन और कार्यान्वित किया गया है, यह उनकी **राष्ट्रीय प्राथमिकताओं** को प्राप्त करने तथा **सतत् विकास लक्ष्यों** को गति देने में सहायक हो सकता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गलवान घाटी रणनीतिक रूप से पश्चिम में लद्दाख और पूर्व में अक्साई चिन के बीच स्थित है।
2. गलवान नदी वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर भारत की ओर प्रवाहित होने वाली श्योक नदी से मिलती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गलवान घाटी:**

- **गलवान घाटी** रणनीतिक रूप से पश्चिम में **लद्दाख** और पूर्व में **अक्साई चिन** (वर्तमान में चीन द्वारा नियंत्रित) के बीच स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **गलवान नदी** वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के चीन की तरफ **अक्साई चिन** से स्रावित होती है। यह पूर्व की ओर लद्दाख में प्रवाहित होती है, जहाँ यह LAC पर भारत की ओर प्रवाहित होने वाली **श्योक नदी** से **मिलती** है। **अत: कथन 2 सही है।**

**6. वैश्विक व्यापार के संदर्भ में "चाइना प्लस वन" की रणनीति में मुख्य रूप से क्या शामिल है?**

A. चीन को विश्व के अग्रणी निर्यातक के रूप में प्रतिस्थापित करना

B. चीन से परे विनिर्माण और सोर्सिंग में विविधता लाना

C. अपने प्रतिद्वंद्वी देशों में निवेश करके चीन की तकनीकी प्रतिस्पर्द्धा को कम करना

D. विकासशील देशों में चीनी निवेश को बढ़ावा देना

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**"चाइना प्लस वन" रणनीति :**

- चाइना प्लस वन एक ऐसी रणनीति है जिसमें **कंपनियाँ सिर्फ चीन में निवेश करने से बचती** हैं और अपने **कारोबार को वैकल्पिक गंतव्यों** पर फैलाती हैं।

नोट :

- यह रणनीति वर्ष 2013 में चीन पर वैश्विक निर्भरता की चिंताओं के कारण उभरी थी और व्यापार तनाव, **कोविड-19 व्यवधानों एवं बढ़ती श्रम लागत के कारण इसने** बल प्राप्त किया है।
- **वियतनाम और भारत सहित नए बाज़ार चीन के बेहतरीन** विकल्प के रूप में उभर रहे हैं।

**अतः विकल्प B सही है।**

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस रोम संविधि को अपनाए जाने की वर्षगाँठ का प्रतीक है।**

**कथन-II: रोम संविधि के परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना हुई।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस:**

- **विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई, 1998** को **रोम संविधि को अपनाए जाने की वर्षगाँठ** का प्रतीक है। **अतः कथन-I सही है।**
- रोम संविधि के परिणामस्वरूप **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC)** की स्थापना हुई। ICC का उद्देश्य लोगों को नरसंहार, मानवता के **विरुद्ध अपराध, युद्ध अपराध एवं आक्रामकता के अपराध से सुरक्षित** रखना है। **अतः कथन-II सही नहीं है।**

**अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।**

8. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **चित्रकारी** | **राज्य** |
|---|---|
| चेरियल | तेलंगाना |
| तंजौर | तमिलनाडु |
| वरली | महाराष्ट्र |

**उपरोक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **चेरियल चित्रकला** एक पारंपरिक स्क्रॉल चित्रकला है जिसकी उत्पत्ति भारत के **तेलंगाना** क्षेत्र के चेरियल गाँव में हुई थी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **तंजौर या तंजावुर चित्रकला एक शास्त्रीय** दक्षिण भारतीय चित्रकला है जो पहली बार 1600 ई. में **तमिलनाडु के तंजावुर** शहर में पाई गई थी। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **वरली चित्रकला** आदिवासी कला है जो मुख्यतः **भारत के महाराष्ट्र** में उत्तरी सह्याद्रि पर्वतमाला के आदिवासी लोगों द्वारा बनाई जाती है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

9. **वन सलाहकार समिति (FAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह वन भूमि की आवश्यकता वाली औद्योगिक परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **वन सलाहकार समिति, एक वैधानिक निकाय** है जिसका गठन **वन (संरक्षण) अधिनियम 1980** द्वारा किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) के अंतर्गत आता है।

- **FAC, उन औद्योगिक परियोजनाओं का मूल्यांकन** करता है जिनके कार्यकलापों के लिये वन भूमि की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - प्रतिबंध लगाने के बाद, समिति को किसी परियोजना को स्वीकृत या अस्वीकृत तथा वन भूमि के रूपांतरण को अधिकृत करने का अधिकार होगा।

**10. समग्र शिक्षा अभियान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्कूली शिक्षा क्षेत्र के लिये एक व्यापक कार्यक्रम है जो प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12 तक है।
2. इसमें सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और शिक्षक शिक्षा को शामिल किया गया है।
3. यह शिक्षा के लिये सतत् विकास लक्ष्य (SDG) के अनुरूप है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**समग्र शिक्षा अभियान:**

- **समग्र शिक्षा स्कूली शिक्षा के लिये** एक **एकीकृत योजना** है जिसका दायरा **प्री-स्कूल से कक्षा XII तक** है और इसका उद्देश्य **स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों** पर समावेशी तथा समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें **सर्व शिक्षा अभियान (SSA), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) और टीचर एजुकेशन (TE)** जैसी तीन योजनाएँ शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य शिक्षा के लिये **सतत् विकास लक्ष्य (SDG) (एसडीजी 4- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा)** के अनुरूप पूर्व स्कूली से लेकर **वरिष्ठ माध्यमिक** स्तर तक समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**11. वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) वह सीमांकन है जो भारत-नियंत्रित क्षेत्र को पाकिस्तान-नियंत्रित क्षेत्र से अलग करता है।
2. सीमा को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है: पूर्वी क्षेत्र में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम, मध्य क्षेत्र में उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश एवं पश्चिमी क्षेत्र में लद्दाख शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC):**
  - **वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC)** वह सीमांकन है जो **भारत-नियंत्रित क्षेत्र** को **चीन-नियंत्रित क्षेत्र** से अलग करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसे **तीन क्षेत्रों** में विभाजित किया गया है: पूर्वी क्षेत्र जो अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम (1346 किमी.) तक विस्तृत है, उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश में मध्य क्षेत्र (545 किमी.) एवं लद्दाख में पश्चिमी क्षेत्र (1597 किमी.)। **अत: कथन 2 सही है।**
    - पूर्वी क्षेत्र में LAC का संरेखण मैकमोहन रेखा,1914 के साथ है।
    - मैकमोहन रेखा की सहायता से ब्रिटेन और तिब्बत के बीच पहले से दावा न की गई/अपरिभाषित सीमाओं को चिह्नित किया गया था।

**12. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. न्यूज़ीलैंड

**उपर्युक्त में से कितने में शैडो कैबिनेट की प्रथा अपनाई जाती है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **शैडो कैबिनेट :**
  - शैडो कैबिनेट में विपक्षी विधायक/सांसद शामिल होते हैं, जो सरकार के मंत्रियों के विभागों को दर्शाते हैं। विपक्ष के नेता के नेतृत्व में शैडो कैबिनेट विभिन्न विभागों और मंत्रालयों में **सत्तारूढ़ सरकार के कार्यों की निगरानी तथा आलोचना** करता है।
  - विश्व के संसदीय लोकतंत्रों में शैडो कैबिनेट की अवधारणा शासन और विपक्ष की गतिशीलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
  - **वेस्टमिंस्टर प्रणाली** से उत्पन्न और **यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा तथा न्यूज़ीलैंड** जैसे देशों में प्रमुख रूप से उपयोग की जाने वाली शैडो कैबिनेट की अवधारणा विपक्षी सांसदों को सत्तारूढ़ सरकार की नीतियों की जाँच करने एवं उन्हें चुनौती देने के लिये एक संरचित ढाँचा प्रदान करती है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**13. U-Win के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) को डिजिटल बनाना है।
2. यह गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण और टीकाकरण करेगा, प्रसव के परिणामों का दस्तावेज़ीकरण करेगा, नवजात शिशुओं का पंजीकरण करेगा तथा सभी टीकाकरण कार्यक्रमों को रिकॉर्ड करेगा।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत के **सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP)** को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई **U-WIN** पहल को पायलट चरण में शुरू किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **को-विन प्लेटफॉर्म** की सफलता के बाद, सरकार ने **नियमित टीकाकरण के लिये एक इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री स्थापित** की है।
- **उद्देश्य:**
  - **इस प्लेटफॉर्म का उपयोग प्रत्येक गर्भवती महिला को पंजीकृत करने** और उसका टीकाकरण करने, उसके प्रसव के परिणाम को रिकॉर्ड करने, प्रत्येक नवजात शिशु के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म के समय खुराक देने तथा उसके बाद सभी टीकाकरण कार्यक्रमों के लिये किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
  - U-WIN **टीकाकरण सेवाओं**, टीकाकरण की स्थिति को अपडेट करने, प्रसव के परिणाम और एंटीजन-वार कवरेज जैसी रिपोर्ट आदि के लिये **सूचना का एकमात्र स्रोत** बनने जा रहा है।

**14. हाल ही में चर्चा में रहे 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित किया जा सकता है:**

A. चंद्र के उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित एक ब्लैक स्पॉट।

B. प्रशांत महासागर में स्थित एक बृहद जलमग्न खाई।

C. अटलांटिक महासागर में शांत समुद्रों का क्षेत्र।

D. अंटार्कटिका में खोजी गई नई झील।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी चंद्र के उत्तरी गोलार्द्ध** के प्रत्यक्ष भाग पर स्थित एक अंधकारमय, बृहद क्षेत्र है।
  - यह ट्रैंक्विलिटिस बेसिन में स्थित है।
- इस क्षेत्र को "समुद्र" इसलिये कहा जाता है क्योंकि प्राचीन समय के खगोलविदों के अनुसार उन्होंने चंद्र पर महासागर और समुद्र देखे हैं।

**अत: विकल्प A सही है।**

**15. संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 1948 के अरब-इज़रायल युद्ध के पश्चात् की गई थी।
2. यह लगभग पूर्ण रूप से संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के स्वैच्छिक योगदान द्वारा वित्तपोषित है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (UNRWA):** इसकी स्थापना **वर्ष 1948 के अरब-इज़रायल युद्ध** के पश्चात् संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1949 में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका उद्देश्य 1948 के अरब-इज़रायल संघर्ष के कारण विस्थापित हुए फिलिस्तीनी शरणार्थियों और उनके परिवारों को सहायता तथा सुरक्षा प्रदान करना है।
- इसका संचालन **गाज़ा, वेस्ट बैंक, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन** जैसे क्षेत्रों में है।
- यह **लगभग पूर्ण रूप से** संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के **स्वैच्छिक योगदान द्वारा** वित्तपोषित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- UNRWA को प्रदत्त भारत की वित्तीय सहायता के अतिरिक्त यह एजेंसी के विशिष्ट अनुरोध के आधार पर फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिये औषधियाँ भी उपलब्ध कराएगा।

**16. फ्लोरिडा कारपेंटर चींटियाँ अपने घोंसले के घायल साथियों की सहायता करने के लिये अनोखा व्यवहार करती हैं-**

A. वे घायल चींटियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाती हैं और उन्हें ठीक होने के लिये छोड़ देती हैं।
B. वे घोंसले में घायल साथियों को जीवित रहने में सहायता करने के लिये उन पर जीवन रक्षक सर्जरी करती हैं।
C. वे संक्रमण फैलने से बचने के लिये घायल चींटियों को छोड़ देती हैं।
D. वे घायल चींटियों को उनके ठीक होने में तेज़ी लाने के लिये विशेष पोषक तत्त्व खिलाती हैं।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फ्लोरिडा कारपेंटर चींटियाँ:**

- एक अध्ययन से पता चला है कि **फ्लोरिडा कारपेंटर चींटियाँ** (*Camponotus floridanus*) अपने **जीवित रहने की संभावनाओं** को बेहतर बनाने के लिये अपने घोंसले में जीवन रक्षक सर्जरी करती हैं।
- चोट लगने के स्थान के आधार पर, ये चींटियाँ या तो **अंग काटना (सर्जरी के माध्यम से शारीरिक घटक को हटाना)** अथवा केवल घाव को साफ करना चुनती हैं।
- चींटियों के इस व्यवहार को जीव जगत में **सबसे परिष्कृत "चिकित्सा प्रणाली"** माना जाता है, जो केवल मानव चिकित्सा पद्धतियों की प्रतिद्वंद्वी है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**17. थर्टी मीटर टेलीस्कोप (TMT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रह्मांड की समझ को आगे बढ़ाने के लिये इसे हवाई के मौना कीआ में स्थापित किया जा रहा है।
2. भारत की ओर से बंगलुरू स्थित भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA), TMT केंद्र के रूप में राष्ट्रीय सहयोग कर रहा है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**थर्टी मीटर टेलीस्कोप (TMT):**

- **थर्टी मीटर टेलीस्कोप (TMT) हवाई के मौना कीआ** में शुरू होने वाली एक महत्त्वाकांक्षी अंतर्राष्ट्रीय परियोजना है, जिसमें **भारत, अमेरिका, कनाडा, चीन और जापान** शामिल हैं, जिसका उद्देश्य **ब्रह्मांड** की समझ को महत्त्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की ओर से बंगलुरू स्थित **भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA), TMT केंद्र के रूप में** राष्ट्रीय सहयोग कर रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

**18. सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (PIL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उन वस्तुओं की सूची है जिन्हें भारतीय सशस्त्र बल केवल रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों से खरीद सकते हैं।
2. इस अवधारणा को रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP), 2020 में पेश किया गया था।

नोट :

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (PIL):**

- **सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (PIL)** उन वस्तुओं की सूची है, जिन्हें **भारतीय सशस्त्र बल निजी क्षेत्र** या **रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों** सहित **घरेलू निर्माताओं** से खरीद सकते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस अवधारणा को **रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020** में **पेश** किया गया था, जिसमें प्रमुख प्रणालियों, प्लेटफॉर्मों, शस्त्र प्रणालियों, सेंसर और युद्ध सामग्री के लिये **आयात प्रतिस्थापन** मूल्य पर ध्यान केंद्रित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**19. धान की खेती के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धान मुख्य रूप से उच्च आर्द्रता और 20 डिग्री सेल्सियस से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान वाले क्षेत्रों में उगाया जाता है।
2. धान की खेती के लिये रोपाई विधि सबसे अधिक प्रयोग की जाने वाली तकनीक है, जिसमें प्रत्यक्ष रूप से खेत में बीज बोना शामिल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**धान की खेती:**

- धान की सर्वोत्तम वृद्धि के लिये **उच्च आर्द्रता** के साथ-साथ **20°C से 30°C के बीच तापमान** की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रत्यारोपण विधि में **प्रत्यक्ष रूप से खेत में बीज बोने के बजाय पहले नर्सरी में पौध उगाना और फिर उन्हें खेत में रोपना** शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**20. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेबी की स्थापना वर्ष 1992 में भारत में प्रतिभूति बाज़ार को विनियमित करने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिये की गई थी।
2. यह एक वैधानिक निकाय है जो वित्त मंत्रालय के अधीन कार्य करता है और प्रतिभूति बाज़ार के विकास तथा विनियमन हेतु नीतियाँ तैयार करने के लिये ज़िम्मेदार है।
3. इसके पास स्टॉक एक्सचेंजों तथा अन्य प्रतिभूति बाज़ारों को पंजीकृत और विनियमित करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. 1, 2 और 3

D. केवल 1 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)**

- इसकी स्थापना वर्ष 1992 में भारत में प्रतिभूति बाज़ार को विनियमित करने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक वैधानिक निकाय है जो वित्त मंत्रालय के अधीन कार्य करता है और प्रतिभूति बाज़ार के विकास तथा विनियमन हेतु नीतियाँ तैयार करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके पास स्टॉक एक्सचेंजों तथा अन्य प्रतिभूति बाज़ारों को पंजीकृत और विनियमित करने का अधिकार है। **अत: कथन 3 सही है।**

**21. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EMRS पूरे भारत में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की एक योजना है।
2. नए स्कूलों की मंज़ूरी लेने तथा उनका प्रबंधन करने का उत्तरदायित्व राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का है।
3. जनजातीय कार्य मंत्रालय EMRS के लिये नोडल मंत्रालय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- EMRS पूरे भारत में भारतीय जनजातियों (ST-अनुसूचित जनजाति) के लिये मॉडल आवासीय विद्यालय बनाने की एक योजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी **शुरुआत वर्ष 1997-98 में हुई** थी तथा वित्त वर्ष 2018-19 में EMRS योजना को नया रूप दिया गया। वर्ष 2018-19 में नए दिशा-निर्देशों ने केंद्र सरकार को स्कूलों को मंजूरी देने और उनका प्रबंधन करने के लिये अधिक अधिकार प्रदान किये। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- जनजातीय कार्य मंत्रालय EMRS के लिये नोडल मंत्रालय है। **अत: कथन 3 सही है।**

**22. भारतीय संविधान में आरक्षण नीतियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 15(3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिये कोई विशेष प्रावधान करने में सक्षम बनाता है।
2. अनुच्छेद 15(4A) में प्रावधान है कि राज्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में पदोन्नति के मामलों में आरक्षण के लिये कोई प्रावधान कर सकता है।
3. अनुच्छेद 16(6) को 105वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 द्वारा शामिल किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 15(3)** राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिये किसी भी प्रकार का विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 16(4A)** में प्रावधान है कि राज्य **अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में पदोन्नति के मामलों में आरक्षण** के लिये कोई भी प्रावधान कर सकता है, यदि राज्य के अधीन सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद 16(6)** में प्रावधान है कि राज्य **आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग** के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिये कोई भी प्रावधान कर सकता है। इसे **103वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019** द्वारा शामिल किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**23. प्रोजेक्ट अस्मिता के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिये UGC और भारतीय भाषा समिति का एक संयुक्त प्रयास है।
2. विभिन्न क्षेत्रों के सदस्य विश्वविद्यालयों के साथ 13 नोडल विश्वविद्यालय इस परियोजना का नेतृत्व करेंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रोजेक्ट अस्मिता (ASMITA) **केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय** और **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)** द्वारा लॉन्च किया गया था।
- यह शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिये UGC और **भारतीय भाषा समिति** का संयुक्त प्रयास है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - विश्वविद्यालय शिक्षा में शिक्षण, परीक्षा और अनुसंधान के मानकों के समन्वय, निर्धारण तथा रखरखाव के लिये UGC की स्थापना वर्ष 1953 में की गई थी (वर्ष 1956 में सांविधिक संगठन बना)।
  - **भारतीय भाषा समिति** वर्ष 2021 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिये आधारभूत समिति है।

- इस परियोजना का नेतृत्व करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों के सदस्य विश्वविद्यालयों के साथ-साथ **13 नोडल विश्वविद्यालयों** की पहचान की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- UGC ने प्रत्येक निर्दिष्ट भाषा में पुस्तक-लेखन प्रक्रिया के लिये एक **मानक संचालन प्रक्रिया ( SOP )** बनाई है।

**24. भारत में मक्का उत्पादन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कर्नाटक, मध्य प्रदेश और बिहार मुख्य मक्का उत्पादक राज्य हैं।
2. बांग्लादेश, वियतनाम और नेपाल भारतीय मक्का के प्रमुख बाज़ार हैं।
3. इसे इथेनॉल सम्मिश्रण में चावल के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1999-2000 से भारत के मक्का उत्पादन में तीन गुना से भी अधिक वृद्धि हुई है, जो **11.5 मिलियन टन से बढ़कर वार्षिक 35 मिलियन टन** से भी अधिक हो गई है, साथ ही प्रति हेक्टेयर औसत उपज भी 1.8 से बढ़कर 3.3 टन हो गई है।
- **कर्नाटक, मध्यप्रदेश, बिहार,** तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश मुख्य मक्का उपज वाले राज्य हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **निर्यात मात्रा:** भारत ने वर्ष 2022-23 में 8,987.13 करोड़ रुपए मूल्य के 3,453,680.58 मीट्रिक टन मक्का का निर्यात किया।
  - **बांग्लादेश, वियतनाम, नेपाल,** मलेशिया और श्रीलंका भारतीय मक्का के प्रमुख बाज़ार हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **हाल के घटनाक्रमों ने इथेनॉल उत्पादन** के लिये मक्का के उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर दिया है, विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा चिंताओं के कारण **इथेनॉल सम्मिश्रण में चावल के विकल्प के रूप में। अतः कथन 3 सही है।**

**25. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इनका पहली बार इस्तेमाल केरल के पारवूर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 1982 में किया गया था।
2. ये स्टैंड-अलोन मशीनें हैं और इन मशीनों में किसी ऑपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- EVM एक उपकरण है जिसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोटों को रिकॉर्ड करने के लिये किया जाता है। पहली बार EVM का उपयोग **वर्ष 1982 में केरल के पारवूर विधानसभा क्षेत्र** के उपचुनाव में किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 1998 के बाद से निर्वाचन आयोग ने मतपेटियों के स्थान पर EVMs का प्रयोग बढ़ा दिया है।
- वर्ष 2003 में सभी राज्य चुनावों और उप-चुनावों के आयोजन में EVM का उपयोग किया गया।
  - इससे उत्साहित होकर वर्ष 2004 में आयोग ने लोकसभा चुनावों में केवल EVM का उपयोग करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।
- EVM में प्रयुक्त माइक्रोचिप एक बार उपयोग होने वाली प्रोग्रामेबल/मास्क्ड चिप होती है, जिसे न तो पढ़ा जा सकता है और न ही उस पर पुनःलेखन किया जा सकता है।
  - इसके अलावा, **EVMs स्टैंड-अलोन मशीनें** हैं और इन मशीनों में **कोई ऑपरेटिंग सिस्टम इस्तेमाल नहीं** किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**26. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ( CBI ) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से अपनी जाँच शक्तियाँ प्राप्त करता है।
2. इसकी निगरानी केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा की जाती है।
3. यह इंटरपोल सदस्य देशों के साथ जाँच के समन्वय के लिये नोडल पुलिस एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो**

- **संथानम समिति की भ्रष्टाचार निवारण समिति (1962-1964)** की सिफारिशों के बाद, CBI की आधिकारिक स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी।
  - यह **दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946** से अपनी जाँच शक्तियाँ प्राप्त करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह **कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है, जो प्रधानमंत्री कार्यालय के अंतर्गत आता है।
    - **भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम** के तहत जाँच के संदर्भ में CBI की निगरानी **केंद्रीय सतर्कता आयोग** द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह **इंटरपोल सदस्य देशों के साथ जाँच के समन्वय के लिये नोडल पुलिस एजेंसी के रूप में कार्य करता है। अतः कथन 3 सही है।**
  - CBI का निदेशक **दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना** (Delhi Special Police Establishment-**DSPE**) का **पुलिस महानिरीक्षक (IGP)** भी होता है जो संगठन के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार होता है।

**27. वायरस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वायरस कोशिकीय जीव हैं जिनकी विशेषता जीवित कोशिका के बाहर एक निष्क्रिय क्रिस्टलीय संरचना होना है।
2. RNA वायरस ज्यादातर डबल-स्ट्रैंडेड होते हैं जबकि DNA वायरस सिंगल-स्ट्रैंडेड होते हैं।
3. बैक्टीरियोफेज़ (वायरस जो बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं) आमतौर पर डबल स्ट्रैंडेड DNA वायरस होते हैं

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 3

C. केवल 2, और 3

D. केवल 1

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वायरस :**

- वायरस **अकोशिकीय जीव** हैं जिनकी विशेषता जीवित कोशिका के बाहर एक निष्क्रिय क्रिस्टलीय संरचना होना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **DNA वायरस अधिकतर डबल-स्ट्रैंडेड/द्विरज्जुक** होते हैं जबकि **RNA वायरस सिंगल-स्ट्रैंडेड/एकल-रज्जुक** होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- बैक्टीरियल वायरस या बैक्टीरियोफेज़ (वायरस जो बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं) आमतौर पर डबल स्ट्रैंडेड/द्विरज्जुक DNA वायरस होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**28. हाल ही में चर्चित, माश्को पिरो जनजाति निम्नलिखित में से किस देश में पाई जाती है?**

A. उरुग्वे

B. इथियोपिया

C. दक्षिण सूडान

D. पेरू

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- माश्को पिरो विश्व की सबसे **बड़ी संपर्क रहित जनजाति** है, जिसके **750 से ज़्यादा सदस्य** हैं। वे पारंपरिक रूप से **अमेज़न वर्षावन** में अलग-थलग रहते हैं।
- हाल ही में अतिक्रमण तथा **भोजन एवं सुरक्षा की तलाश** के कारण, **पेरू** में पूर्व काल से ही संपर्कविहीन रही **माश्को पीरो जनजाति** पाई गई है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**29. सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया,2020 में प्रस्तुत किया गया था।
2. जुलाई 2024 तक छह सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियाँ जारी की गई हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची उन वस्तुओं की सूची है, जिन्हें भारतीय सशस्त्र बल केवल घरेलू निर्माताओं से ही खरीद सकते हैं, जिसमें निजी क्षेत्र या DPSU शामिल हैं।
    - इस अवधारणा को **रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020** में प्रस्तुत किया गया था, जिसमें प्रमुख प्रणालियों, प्लेटफॉर्मों, शस्त्र प्रणालियों, सेंसर और युद्ध सामग्री के लिये आयात प्रतिस्थापन पर ध्यान केंद्रित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रक्षा मंत्रालय (MoD) ने हाल ही में 346 रक्षा वस्तुओं वाली 5वीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (PIL) अधिसूचित की है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**30. हाल ही में चर्चित OJ 287, निम्नलिखित में से किससे निकटता से संबंधित है?**

A. कुइपर बेल्ट में एक नव-चिन्हित धूमकेतु

B. एक गामा-रे विस्फोट

C. मंगल ग्रह के लिये एक अंतरिक्ष मिशन

D. एक सुपरमैसिव बाइनरी ब्लैक होल सिस्टम

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **OJ 287 एक आकाशगंगा है** जो लगभग 4 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और यह अपनी अतिविशाल बाइनरी ब्लैक होल प्रणाली के लिये प्रसिद्ध है।
- हाल ही में भारत सहित 10 देशों के 32 वैज्ञानिकों के एक समूह द्वारा किये गए एक अध्ययन में **आकाशगंगा OJ 287 में एक बड़े ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहे एक छोटे ब्लैक होल** की उपस्थिति की पुष्टि की गई है। यह खोज नासा के TESS उपग्रह का प्रयोग करके की गई थी।

**31. हाल ही में खबरों में रहा भगोरिया उत्सव भारत में मुख्य रूप से किस समुदाय द्वारा मनाया जाता है?**

A. गुज्जर

B. भील

C. गोंड

D. संथाल

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भगोरिया उत्सव:**

- **भगोरिया उत्सव भीलों** के बीच मनाया जाने वाला मुख्य त्योहार है।
- हिंदू त्योहार **होली** से एक सप्ताह पहले मनाया जाने वाला यह त्योहार अपने अनोखे **रीति-रिवाजों और परंपराओं** के लिये जाना जाता है।
- यह त्यौहार एक ऐसा अवसर माना जाता है जब **युवा पुरुष एवं महिलाएँ** अपने जीवन साथी का चयन करते हैं। परंपरागत रूप से, यह युवाओं को एक-दूसरे के लिये अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर देता है, जो अक्सर **विवाह** में परिणत होता है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**32. प्राइम मेरिडियन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 0° देशांतर रेखा है एवं पृथ्वी के चारों ओर पूर्व और पश्चिम की दूरियों को मापने के लिये आरंभिक बिंदु के रूप में कार्य करती है।
2. यह यूनाइटेड किंगडम में स्थित वोल्टा झील से होकर गुजरती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्राइम मेरिडियन:**

- प्राइम मेरिडियन **0° देशांतर की** रेखा है एवं पृथ्वी के चारों ओर पूर्व और पश्चिम की दूरी मापने के लिये आरंभिक बिंदु के रूप में कार्य करती है। **यह इंग्लैंड के ग्रीनविच में रॉयल वेधशाला से होकर गुजरती** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **अफ्रीका के घाना में स्थित वोल्टा झील से होकर गुजरती** है। यह घाना में जल का सबसे बड़ा स्रोत है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**33. कवक के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लाइकेन में कवक एवं शैवाल के बीच एक सहजीवी संबंध होता है।
2. माइकोराइज़ा में पौधों की जड़ों और कवक के बीच एक सहजीवी संबंध होता है।

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कवक:**

- **लाइकेन** एक जटिल जीवन रूप है जो **दो अलग-अलग जीवों, कवक और शैवाल की सहजीवी संबंध है।** प्रमुख जीव कवक है, यह लाइकेन को उसकी अधिकांश विशेषताएँ प्रदान करता है, जिसमें फलने वाले शरीर और थैलस रूप भी शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **माइकोराइज़ा एक कवक और जड़ प्रणाली के** बीच एक सहजीवी संबंध है। जड़ें कवक के विकास के लिये आवश्यक **पोषक तत्त्व प्रदान करती हैं।** कवक हाइफ़े पौधों के लिये जड़ प्रणाली के रूप में कार्य करती है, जिससे वे मृदा से अवशोषित होने वाले जल और पोषक तत्त्वों में वृद्धि करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**34. मोइदम के सबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे असम के चराईदेव ज़िले में अहोम साम्राज्य के शाही परिवारों के लिये बनी कब्रगाह (13वीं-19वीं शताब्दी) हैं।
2. 18वीं शताब्दी के बाद, अहोम शासकों ने हिंदू दाह संस्कार पद्धति को अपनाया और चराईदेव में दाह संस्कार की बची अस्थियों और राख को दफनाना शुरू कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन -सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मोइदम असम के चराईदेव ज़िले में अहोम साम्राज्य के शाही परिवारों के लिये बनी कब्रगाह (13वीं-19वीं शताब्दी) हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इनका निर्माण मुख्य रूप से मिट्टी, ईंटों और पत्थर से किया गया था। बाह्य संरचना में आमतौर पर मिट्टी का एक टीला होता था, जो अक्सर ईंट या पत्थर की दीवार से घिरा होता था।
- वे असम के चराइदेव ज़िले में शाही परिवारों का विश्राम स्थल हैं।
- इसमें **अहोम साम्राज्य के शाही परिवारों** के सदस्यों के पार्थिव अवशेषों को दफनाया जाता था।
  - 18वीं शताब्दी के बाद, अहोम शासकों ने हिंदू दाह संस्कार पद्धति को अपनाया और चराईदेव में दाह संस्कार की बची हड्डियों और राख को दफनाना शुरू कर दिया। **अत: कथन 2 सही** है।
- अहोम राजवंश की ये दफन पद्धतियाँ **चीन के प्राचीन शाही मकबरों और मिस्र के फिरौन के पिरामिडों** के समान हैं।

**35. गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार के विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं तथा सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा हेतु एक राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है।
2. सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिये इसे वर्ष 2024 में आरंभ किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM):**

- GeM एक **100% सरकारी स्वामित्व वाला राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल** है जो विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक उपक्रमों को **सामान्य उपयोग की आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद** हेतु सुविधा प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह पहल भारत सरकार के **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में** शुरू की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं को सुविधा प्रदान करने तथा संपत्ति का सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने के लिये **ई-बिडिंग, रिवर्स ई-ऑक्शन और मांग समुच्चय** जैसे उपकरण प्रदान करता है। **इसका उद्देश्य सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता, दक्षता एवं गतिशीलता को बढ़ाना है।**

**36. हाल ही में किस संगठन ने 'नेशनल टाइम रिलीज़ स्टडी (NTRS) 2024' रिपोर्ट जारी की?**

A. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

B. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड

C. भारतीय रिज़र्व बैंक

D. आर्थिक मामलों का विभाग

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

हाल ही में **केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (Central Board of Indirect Taxes and Customs- CBIC)** ने **नेशनल टाइम रिलीज़ स्टडी (National Time Release Study- NTRS)** 2024 रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत के 9 बंदरगाहों पर कार्गो रिलीज़ समय को मापा गया है।

- NTRS, 2024 रिपोर्ट का उद्देश्य **राष्ट्रीय व्यापार सुविधा कार्य योजना (National Trade Facilitation Action Plan- NTFAP)** लक्ष्यों की दिशा में हुई प्रगति का आकलन करना, विभिन्न व्यापार सुविधा पहलों के प्रभाव की पहचान करना और रिलीज़ समय में तथा अधिक तेज़ी से कमी लाने में आने वाली चुनौतियों की पहचान करना है।
  - NTFAP का उद्देश्य **कुशल, पारदर्शी, ज़ोखिम-आधारित, समन्वित, डिजिटल, निर्बाध और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रक्रियाओं के माध्यम से सीमा पार** निकासी तंत्र को परिवर्तित करना है, जिसे अत्याधुनिक समुद्री बंदरगाह, हवाई अड्डे और भूमि सीमाएँ समर्थन प्रदान करती हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

**37. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह थोक में विक्रय की गई एवं व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को माप करता है।
2. इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**थोक मूल्य सूचकांक (WPI):**

- **थोक मूल्य सूचकांक (WPI),** थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में **विक्रय और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों** में परिवर्तन को माप करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे **आर्थिक सलाहकार कार्यालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**38. ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र ड्रग नियंत्रण कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय अपराध रोकथाम केंद्र के बीच विलय के बाद की गई थी।
2. यह विश्व ड्रग रिपोर्ट और विश्व वन्यजीव अपराध रिपोर्ट जारी करता है।

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC):**

- **ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) की स्थापना वर्ष 1997 में ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और अंतर्राष्ट्रीय अपराध रोकथाम केंद्र** के बीच विलय के बाद की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **विश्व ड्रग्स रिपोर्ट और विश्व वन्यजीव अपराध रिपोर्ट UNODC** द्वारा जारी की जाती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**39. निपाह वायरस से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हेंड्रा वायरस से बहुत करीब से संबंधित है।
2. यह फ्रूट बैट के माध्यम से प्रसारित होता है।
3. WHO ने निपाह वायरस की प्राथमिकता वाले रोगों के रूप में पहचान की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **निपाह वायरस (NiV) एक ज़ूनोटिक वायरस (पशुओं से मनुष्यों में प्रसारित होने वाला) है और यह संदूषित भोजन के माध्यम से या सीधे लोगों के बीच भी फैल** सकता है।
  - निपाह वायरस इंसेफेलाइटिस के लिये उत्तरदायी जीव पैरामाइक्सोविरिडे श्रेणी तथा हेनिपावायरस जीनस/वंश का एक RNA अथवा **राइबोन्यूक्लिक एसिड वायरस** है तथा यह हेंड्रा वायरस से **निकटता से संबंधित** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NiV प्रारंभ में **घरेलू सुअर, कुत्तें, बिल्ली, बकरी, घोड़े और भेड़** में देखा गया।
  - यह रोग टेरोपस (Pteropus) जीन के **'फ्रूट बैट' अथवा 'फ्लाइंग फॉक्स'** के माध्यम से प्रसारित होता है, जो निपाह और हेंड्रा वायरस के प्राकृतिक स्रोत हैं। यह वायरस चमगादड़ के मूत्र और संभावित रूप से चमगादड़ के मल, लार व जन्म के समय निकलने वाले तरल पदार्थों में मौजूद होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्तमान में मनुष्यों और जानवरों, दोनों के लिये कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है।** WHO ने निपाह वायरस की प्राथमिकता वाले रोगों के रूप में पहचान की है। **अतः कथन 3 सही है।**

**40. AIDS रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह HIV के कारण होने वाली एक संभावित रूप से प्राणघातक व दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थिति है।
2. HIV वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में लाल रक्त कोशिका को प्रभावित करता है।
3. **सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरे के रूप में** चिह्नित **AIDS का** वर्ष 2030 तक उन्मूलन करने की संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक घोषणा को वर्ष 2016 में अपनाया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- AIDS **HIV के कारण** होने एक संभावित रूप से प्राणघातक व दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थिति है जो शरीर की संक्रमण से लड़ने की प्रतिरक्षा क्षमता में हस्तक्षेप करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **HIV** शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिका (**T** कोशिकाओं): CD4 को प्रभावित करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरे के रूप में** चिह्नित **AIDS का वर्ष 2030 तक उन्मूलन** करने की **संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक घोषणा को वर्ष 2016 में अपनाया गया** था। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प C सही है।**

**41. वैश्वीकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I: वैश्वीकरण ने दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाओं और संस्कृतियों के एकीकरण को सुगम बनाया है।**

**कथन II: वैश्वीकरण के कारण देशों के अंदर और उनके बीच आय असमानता बढ़ गई है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II,कथन I का सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्वीकरण:**

- वैश्वीकरण ने वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं और संस्कृतियों के परस्पर जुड़ाव को सुगम बनाया है, जिससे व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक आदान-प्रदान संभव हुआ है। **अत: कथन-I सही है।**
- हालाँकि वैश्वीकरण के साथ-साथ लाभ और अवसरों का असमान वितरण भी वृद्धि हुई है, जो देशों के अंदर तथा विश्व भर में आय असमानता में वृद्धि करता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **वैश्वीकरण** ने प्रतिस्पर्द्धा में वृद्धि की है, एवं उत्पादन को कम लागत वाले श्रम वाले देशों में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे भारत की बाज़ार हिस्सेदारी प्रभावित हुई है।

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि थन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।**

**42. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन: आनुवंशिक/जीन संवर्द्धित ( GM ) फसलें, जैसे कि DMH-11 जैसी GM सरसों की किस्में, भारत में खाद्य सुरक्षा चुनौतियों को कम करने एवं आयात निर्भरता कम करने के लिये व्यापक रूप से समर्थित की गई हैं।**

**कारण: GM फसलें कीटों और रोगों के प्रति स्वाभाविक रूप से प्रतिरोधी होती हैं, जिससे कृषि उत्पादकता एवं संधारणीयता में वृद्धि होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन की सही व्याख्या है।

B. कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D. कथन और कारण दोनों सही नहीं हैं।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कथन में सही कहा गया है कि GM फसलों, जिनमें GM सरसों (DMH-11) जैसी किस्में शामिल हैं, को **खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने** एवं **आयात पर निर्भरता कम करने के लिये बढ़ावा** दिया जाता है।
- कारण में स्पष्ट किया गया है कि GM फसलें कीटों और रोगों के लिये स्वाभाविक रूप से प्रतिरोधी होती हैं, जिससे कृषि उत्पादकता एवं स्थायित्व में वृद्धि होती है। जबकि GM फसलों को वास्तव में **कीट प्रतिरोध जैसे लक्षणों के लिये तैयार किया जा सकता है, और यह भारत में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने और आयात निर्भरता को कम करने के लिये** GM फसलों का समर्थन करने के पीछे व्यापक उद्देश्यों की व्याख्या करता है।

**अत: विकल्प A सही है, जबकि कारण GM फसल लक्षणों के बारे में वैध जानकारी प्रदान करता है, यह भारत में GM सरसों जैसी GM फसलों का समर्थन करने के पीछे प्राथमिक उद्देश्यों की पर्याप्त रूप से उल्लेख करता है।**

**43. डेविंसी मिशन निम्नलिखित में से किसका अन्वेषण करने के लिये एक जाँच और फ्लाईबाई मिशन है ?**

A. शुक्र

B. मंगल

C. क्षुद्रग्रह बेल्ट

D. सैटर्न मून

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डेविंसी मिशन:**

- नासा के **डेविंसी मिशन** का उद्देश्य बादलों के शीर्ष से लेकर ग्रह की सतह तक शुक्र की उत्पत्ति, विकास और वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना है।
- जाँच का **द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमीटर, वीनस मास स्पेक्ट्रोमीटर ( VMS ), शुक्र के वायुमंडल का अध्ययन करेगा**, जिसमें नोबल गैसों और प्रमुख, मामूली एवं ट्रेस संरचना की प्रोफाइल शामिल है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**44. न्यूट्रिनो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

**कथन -I: न्यूट्रिनो पदार्थ के साथ सीमित परस्पर क्रिया दर के कारण अधिक दूरी तक सूचना ले जा सकते हैं।**

**कथन -II: उन्हें संभावित रूप से सूचना प्रसारित करने के लिये प्रयोग किया जा सकता है, जो संचार चैनलों में विद्युत चुंबकीय तरंगों की स्थान ले सकता है।**

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है ।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है ।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है ।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**न्यूट्रिनो:**

- **न्यूट्रिनो उपपरमाण्विक कण होते हैं जिनमें** कोई विद्युत आवेश नहीं होता है **और इनका द्रव्यमान कम होता है। इसके घूर्णन की दिशा इसकी गति की दिशा के विपरीत होती है।**
- न्यूट्रिनो पदार्थ के साथ **अपनी कम क्रियाशीलता के कारण अधिक दूरी तक सूचना ले जा सकने में सक्षम हैं। अतः कथन I सही है।**
- **संचार चैनलों में विद्युत चुम्बकीय तरंगों की जगह, उन्हें संभावित रूप से** सूचना प्रसारित करने के लिये प्रयोग किया जा सकता है। **अतः कथन II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या नहीं है।

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जापान के बाद भारत विश्व में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. भारत इस्पात और खनन क्षेत्रों में स्वचालित मार्गों के माध्यम से 100% FDI की अनुमति देता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इस्पात उत्पादन:**

- **भारत के इस्पात क्षेत्र ने** उल्लेखनीय वृद्धि दर्शायी है, जिससे यह विश्व में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत की **FDI** नीति इस्पात और खनन क्षेत्रों के साथ-साथ **कोयला व लिग्नाइट** क्षेत्र में **स्वचालित मार्गों** के माध्यम से 100% **FDI** की अनुमति देती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**46. युवा अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति योजना (श्रेयस) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से वंचित अनुसूचित जातियों (SC) और अन्य पिछड़ा वर्गों (OBC) को उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग प्रदान करना है।
2. शिक्षा मंत्रालय की एक पहल, इसे डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**युवा अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति योजना (SHREYAS):**

- **युवा अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति योजना (SHREYAS)** का उद्देश्य आर्थिक रूप से वंचित अनुसूचित जातियों (**SC**) और अन्य पिछड़ा वर्गों (OBC) को उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एक पहल**, इसे **डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन** द्वारा पैनलबद्ध केंद्रीय विश्वविद्यालयों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**47. क्वांटम कुंजी वितरण (QKD) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

**कथन-I: यह केवल साझा पक्षों के बीच ज्ञात एन्क्रिप्शन कुंजियों के आदान-प्रदान के लिये एक सुरक्षित संचार विधि है।**

**कथन-II: यह पक्षों के बीच फाइबर ऑप्टिक केबल पर फोटॉन संचारित करके काम करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्वांटम कुंजी वितरण (QKD):**

- **क्वांटम कुंजी वितरण (QKD)** एन्क्रिप्शन कुंजियों के आदान-प्रदान के लिये एक सुरक्षित संचार विधि है जो केवल साझा पक्षों के बीच ही जानी जाती है। **अतः कथन-I सही है।**
- QKD पार्टियों के बीच **फाइबर ऑप्टिक केबल पर फोटॉन संचारित** करके काम करता है। **अतः कथन-II सही है।**
- QKD दो पक्षों को एक कुंजी बनाने और साझा करने में सक्षम बनाता है जिसका उपयोग संदेशों को **एन्क्रिप्ट तथा डिक्रिप्ट** करने के लिये किया जाता है।

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**48. सीमा सुरक्षा बल (BSF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. BSF अधिनियम, 1968 के तहत BSF का अधिकार क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती राज्यों तक फैला हुआ है।
2. BSF के पास आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 और पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के तहत कुछ अपराधों के संबंध में भी अधिकार क्षेत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **BSF अधिनियम, 1968** के तहत BSF का अधिकार क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती राज्यों तक फैला हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **BSF के पास आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920** और **पासपोर्ट अधिनियम, 1967** आदि के तहत कुछ अपराधों के संबंध में भी अधिकार क्षेत्र है। **अतः कथन 2 सही है।**

**49. बैलिस्टिक और क्रूज़ मिसाइल प्रणालियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. बैलिस्टिक मिसाइलों को कम ऊँचाई पर उड़ान भरने के लिये डिज़ाइन किया गया है और उन्हें एक विशिष्ट उड़ान पथ का अनुसरण करने के लिये प्रोग्राम किया जा सकता है।
2. क्रूज मिसाइलें बिना निर्देशित रॉकेट हैं जो उच्च परवलयिक प्रक्षेप पथ का अनुसरण करते हैं।
3. अग्नि V एक परमाणु-सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1 और 2

**उत्तर : C**

**व्याख्या:**

- क्रूज़ मिसाइलों को कम ऊँचाई पर उड़ान भरने के लिये डिज़ाइन किया गया है और उन्हें एक विशिष्ट उड़ान पथ का अनुसरण करने हेतु प्रोग्राम किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- बैलिस्टिक मिसाइलें बिना निर्देशित रॉकेट हैं जो एक उच्च, परवलयिक प्रक्षेप पथ का अनुसरण करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अग्नि V** परमाणु-सक्षम अंतरमहाद्वीपीय **बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM)** है। **अतः कथन 3 सही है।**

**50. अटल इनोवेशन मिशन ( AIM ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की एक प्रमुख पहल है।
2. WTO ने हाल ही में अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के साथ एक संयुक्त आशय पत्र (JLoI) पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसका उद्देश्य ग्लोबल साउथ के देशों के लिये नवाचार, उद्यमिता और बौद्धिक संपदा (IP) हेतु कार्यक्रम बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अटल इनोवेशन मिशन ( AIM )** देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये **NITI आयोग** द्वारा स्थापित एक प्रमुख पहल है। **अत:कथन 1 सही नहीं है।**
- **विश्व बौद्धिक संपदा संगठन ( WIPO )** ने हाल ही में **अटल इनोवेशन मिशन ( AIM )** के साथ एक संयुक्त आशय पत्र (JLoI) पर हस्ताक्षर किये, जिसका उद्देश्य ग्लोबल साउथ के देशों के लिये नवाचार, उद्यमिता और बौद्धिक संपदा (IP) के लिये कार्यक्रम बनाना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**51. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **प्रकार** | | **स्थान** |
|---|---|---|---|
| 1. | टाइफून | a. | पश्चिमी अफ्रीका का गिनी क्षेत्र |
| 2. | विली-विलीज़ | b. | उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया |
| 3. | हरीकेन | c. | कैरेबियन सागर, अटलांटिक महासागर |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- टाइफून चीन सागर और प्रशांत महासागर क्षेत्र में आते हैं। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- **विली-विलीज़ उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया** में पाए जाते हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **हरीकेन पश्चिमी भारतीय द्वीपों, कैरेबियन सागर और अटलांटिक महासागर** में आते हैं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **टाइफून एक तरह का तूफान है।** इसकी उत्पत्ति के स्थान के आधार पर इसे हरीकेन, टाइफून या चक्रवात कह सकते हैं।

**अत: विकल्प C सही है।**

**52. आश्रय के अधिकार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I: भारत में आश्रय के अधिकार को जीवन के अधिकार के व्यापक दायरे के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्राप्त है।**

**कथन II: यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त आवास तक पहुँच मिले, जिसे सम्मान के साथ जीवन जीने के लिये आवश्यक माना जाता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में आश्रय के **अधिकार को जीवन के अधिकार के व्यापक दायरे के तहत** एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्राप्त है। **अत: कथन-I सही है।**
- यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक नागरिक के पास **पर्याप्त आवास** तक पहुँच हो, जिसे सम्मान के साथ जीवन जीने के लिये आवश्यक माना जाता है। **अत: कथन-II सही है।**

- **कथन-II में** विस्तार से बताया गया है कि यह अधिकार प्रत्येक नागरिक के लिये पर्याप्त आवास तक पहुँच की गारंटी देता है, जो सम्मानपूर्ण जीवन हेतु आवश्यक है।
- इसका तात्पर्य **केवल सिर पर छत अर्थात् आश्रय ही नहीं** है, **बल्कि इसमें पर्याप्त गोपनीयता**, स्थान, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, वेंटिलेशन, बुनियादी ढाँचा और कार्यस्थलों व सामाजिक सुविधाओं से निकटता भी शामिल है।

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**53. अपतटीय खनिज नीलामी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**

1. महत्त्वपूर्ण खनिजों से युक्त खनिज ब्लॉक स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने, भंडारण करने और संचारित करने हेतु कम कार्बन प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
2. नीलामी अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (OAMDR), 2002 के तहत आयोजित की जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

**अपतटीय खनिज नीलामी**

- भारत अपनी **पहली अपतटीय खनिज नीलामी शुरू** करने के लिये तैयार है, जो संसाधन प्रबंधन में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। प्रस्तावित राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCCM) का हिस्सा यह पहल **महत्त्वपूर्ण खनिजों** हेतु आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने का लक्ष्य रखती है।
- **पहचाने गए खनिज ब्लॉकः** भारत के **अनन्य आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone- EEZ)** में स्थित 10 ब्लॉकों की अन्वेषण रिपोर्ट समग्र लाइसेंस प्रदान करने के लिये नीलामी हेतु उपलब्ध हैं। इनमें से पॉली-मेटैलिक नोड्यूल और क्रस्ट के 7 ब्लॉक **अंडमान सागर** में स्थित हैं, जबकि लाइम-मड के 3 ब्लॉक **गुजरात तट** से दूर स्थित हैं।
- **खनिजों के प्रकारः** वे खनिज ब्लॉक जिनमें कोबाल्ट और निकल जैसे महत्त्वपूर्ण खनिज होते हैं, जो स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने, भंडारण करने तथा संचारित करने तथा इस्पात निर्माण के लिये निम्न-कार्बन प्रौद्योगिकियों के निर्माण हेतु महत्त्वपूर्ण हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **नियामक ढाँचाः नीलामी अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (OAMDR), 2002** के तहत आयोजित की जाएगी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - खनिज संसाधन निर्धारण, अन्वेषण और वाणिज्यिक उत्पादन के लिये समग्र लाइसेंस जारी किये जाएंगे।

**54. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**

1. यह पेंशन निधि की स्थापना, विकास और विनियमन कर वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत पेंशन उद्योग को बढ़ावा देता है और विनियमित करता है तथा अटल पेंशन योजना का प्रबंधन भी करता है।
3. यह वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग के अधीन कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- **पेंशन निधि और विनियामक विकास प्राधिकरण (PFRDA)** संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जो **पेंशन निधि की स्थापना, विकास और विनियमन** करके **वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देने,** पेंशन निधि की योजनाओं के लाभार्थी ग्राहकों के हितों की रक्षा करने एवं उनसे जुड़े या उनके साथ होने वाले आकस्मिक घटनाओं के लिये है। **अतः कथन 1 सही है।**

- PFRDA **पेंशन फंड मैनेजर, सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (CRA)** आदि जैसी विभिन्न मध्यवर्ती एजेंसियों की नियुक्ति का कार्य करता है। यह **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली** के तहत पेंशन उद्योग को विकसित, प्रोत्साहित और विनियमित करता है तथा **अटल पेंशन योजना का प्रबंधन** भी करता है।**अतः कथन 2 सही है।**
- यह **वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग के अधीन** कार्य करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**55. मैग्नेटोटैक्टिक बैक्टीरिया से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये अधिकांशतः यूकैरियोटिक जीव हैं।
2. इनकी खोज़ साल्वाटोर बेलिनी ने वर्ष 1963 में की थी।
3. ये इष्टतम ऑक्सीजन सांद्रता वाले स्थानों तक पहुँचने के लिये चुंबकीय क्षेत्र का अनुसरण करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मैग्नेटोटैक्टिक बैक्टीरिया **अधिकांशतः प्रोकैरियोटिक जीव** हैं जो पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के साथ स्वयं को व्यवस्थित करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इनकी **खोज साल्वाटोर बेलिनी ने वर्ष 1963 में की** थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- ये जीव इष्टतम ऑक्सीजन सांद्रता वाले स्थानों तक पहुँचने के लिये **चुंबकीय क्षेत्र का अनुसरण करते हैं। अतः कथन 3 सही है।**
  - यह प्रक्रिया इनकी कोशिकाओं के भीतर लौह तत्त्व युक्त क्रिस्टल की उपस्थिति से सुगम होती है।

**56. निम्नलिखित में से कौन-सा तेल उम्म आमेर का सबसे अच्छा वर्णन करता है, जिसे हाल ही में समाचारों में देखा गया है?**

A. मिस्र का एक प्राचीन शहर जो अपने पिरामिडों के लिये जाना जाता है
B. गाज़ा पट्टी में एक महत्त्वपूर्ण पुरातात्त्विक स्थल
C. सीरिया में एक ऐतिहासिक स्थल जो अपने प्राचीन मंदिरों के लिये जाना जाता है
D. तुर्की में स्थित एक प्रसिद्ध रोमन स्टेडियम

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तेल उम्म आमेर (Tell Umm Amer):**

- **गाज़ा पट्टी** में स्थित तेल उम्म आमेर, चौथी शताब्दी ई.पू. का एक **प्राचीन ईसाई मठ** है।
- **हिलारियन द ग्रेट (291-371 ई.)** द्वारा स्थापित, इसे **मिडिल ईस्ट में सबसे प्राचीन और सबसे बड़े मठवासी/मोनास्टिक समुदायों में से एक** माना जाता है।
- इस स्थल में **पाँच क्रमिक चर्च, स्नान परिसर** और **अभयारण्य परिसर**, ज्यामितीय मोज़ाइक एवं एक विशाल तहखाना सहित व्यापक खंडहर हैं।

**अतः विकल्प B सही है।**

**57. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| देश | संयुक्त अभ्यास |
|---|---|
| 1. भारत-बांग्लादेश | a. अभ्यास सम्प्रीति |
| 2. भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका | b. अजेय वारियर |
| 3. भारत- संयुक्त अरब अमीरात | c. अल नागाह |

**उपर्युक्त कौन-सा युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त अभ्यास:**

- **अभ्यास सम्प्रीति भारत और बांग्लादेश** की सेनाओं के बीच एक द्विपक्षीय रक्षा सहयोग अभ्यास है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **अजेय वारियर भारत और यूनाइटेड किंगडम** के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- अभ्यास **अल नागाह भारतीय** और **रॉयल आर्मी ऑफ ओमान (RAO)** के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**अतः विकल्प A सही है।**

**58. राष्ट्रीय संस्कृति कोष (NCF) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संस्कृति मंत्रालय के तहत धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1890 के तहत एक ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया था।
2. इसका प्रबंधन संस्कृति मंत्री की अध्यक्षता वाली परिषद द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय संस्कृति कोष (NCF):**

- NCF की स्थापना भारत सरकार, **संस्कृति मंत्रालय द्वारा धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1890** के तहत एक ट्रस्ट के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- NCF का प्रबंधन एक परिषद द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता संस्कृति मंत्री करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह भारत की **समृद्ध मूर्त और अमूर्त संस्कृति तथा विरासत की सुरक्षा**, बहाली, संरक्षण एवं विकास का समर्थन करने हेतु सक्षम-दाता/प्रायोजक संस्थानों के लिये एक वित्तपोषण तंत्र के रूप में कार्य करता है।

**59. भारत में कौशल विकास पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. औद्योगिक मूल्य संवर्द्धन के लिये कौशल सुदृढ़ीकरण (STRIVE) कार्यक्रम ज़िला स्तरीय कौशल पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है।
2. आजीविका के लिये कौशल अर्जन एवं ज्ञान जागरूकता (SANKALP) परियोजना, जिसका उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) के प्रदर्शन में सुधार लाना है, एक अन्य महत्त्वपूर्ण कौशल हस्तक्षेप है।
3. ट्रेनिंग फॉर अमीरात जॉब्स एंड स्किल्स (तेजस) एक परियोजना है जिसका उद्देश्य भारतीयों को कौशल प्रदान करना, प्रमाणन प्रदान करना और विदेशों में रोज़गार उपलब्ध कराना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **आजीविका के लिये कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (SANKALP)** कार्यक्रम ज़िला-स्तरीय कौशल पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **औद्योगिक मूल्य संवर्द्धन के लिये कौशल सुदृढ़ीकरण (STRIVE)** योजना विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त भारत सरकार की परियोजना है जिसका उद्देश्य **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI)** और प्रशिक्षुता के माध्यम से प्रदान किये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता तथा दक्षता में सुधार करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **तेजस (ट्रेनिंग फॉर अमीरात जॉब्स एंड स्किल्स)**, दुबई Expo, 2020 में प्रवासी भारतीयों को प्रशिक्षित करने हेतु एक कौशल भारत अंतर्राष्ट्रीय परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य भारतीयों का **कौशल विकास, प्रमाणन तथा विदेशों में रोज़गार प्रदान करना** है। **अतः कथन 3 सही है।**

**60. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1989 में बाल अधिकार सम्मेलन को अपनाने के बाद बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिये यह अधिनियम बनाया गया था।
2. अधिनियम के तहत, विशेष अदालतों को संज्ञान लेने के दो वर्ष के भीतर सुनवाई पूरी करनी होती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 बच्चों को यौन शोषण से संरक्षण हेतु बनाया गया था, जो **वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र** द्वारा **बाल अधिकारों पर कन्वेंशन** को अपनाने के बावजूद भारत में एक महत्त्वपूर्ण विधायी अंतर को कम करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **POCSO अधिनियम 2012** के तहत, विशेष अदालतों को **अपराध का संज्ञान लेने की तारीख से एक वर्ष** की अवधि के भीतर परीक्षण पूरा करना आवश्यक है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**61. बाघ संरक्षण प्रयासों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2014 में शुरू किये गए एकीकृत बाघ आवास संरक्षण कार्यक्रम (ITHCP) का लक्ष्य 2030 तक वैश्विक बाघ आबादी को दोगुना करना है।
2. नई दिल्ली स्थित ग्लोबल टाइगर फोरम (GTF) बाघ संरक्षण के लिये समर्पित विभिन्न देशों के सदस्यों वाला एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय निकाय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2014 में शुरू किया गया **एकीकृत बाघ आवास संरक्षण कार्यक्रम (ITHCP) वैश्विक बाघ पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम (GTRP)** में योगदान दे रहा है। **GTRP 2022 तक जंगल में बाघों की संख्या को दोगुना** करने का एक वैश्विक प्रयास है, लेकिन ITHCP के पास खुद यह विशिष्ट लक्ष्य नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - ITHCP एक रणनीतिक वित्तपोषण तंत्र है जिसका उद्देश्य जंगल में बाघों को बचाना है। इसने पहले ही **छह देशों (बांग्लादेश, भूटान, भारत, इंडोनेशिया, नेपाल और म्याँमार)** में बाघ संरक्षण परिदृश्यों के बेहतर प्रबंधन के लिये **12 परियोजनाओं को सुविधा** प्रदान की है।
- **ग्लोबल टाइगर फोरम (GTF)** की स्थापना वर्ष 1993 में हुई थी, यह **नई दिल्ली** में स्थित हैऔर बाघ संरक्षण के लिये समर्पित **एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय निकाय** है। **अतः कथन 2 सही है।**

**62. विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTGs) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ज़ाक्सा समिति ने आदिम जनजातीय समूहों (पीटीजी) को एक अलग श्रेणी के रूप में स्थापित किया, जिसे बाद में PVTG नाम दिया गया।
2. आंध्र प्रदेश में PVTG की संख्या सबसे अधिक है, उसके बाद झारखंड का स्थान है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs):**

- वर्ष 1973 में, ढेबर आयोग ने **आदिम जनजातीय समूहों (PTGs) को एक अलग श्रेणी के रूप में** स्थापित किया। वर्ष 2006 में, भारत सरकार ने **PTGs का नाम बदलकर विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs)** कर दिया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **ओडिशा में सबसे ज़्यादा PVTG (15) हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश (12)**, बिहार और झारखंड (9), मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (7), तमिलनाडु (6) और केरल और गुजरात (5-5) हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**63. विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन 1972 के पहले दिन को चिह्नित करने के लिये स्थापित किया गया था।
2. यह प्रत्येक वर्ष वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) द्वारा आयोजित किया जाता है।
3. पहला विश्व पर्यावरण दिवस "भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रति लचीलापन" थीम के साथ मनाया गया था।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व पर्यावरण दिवस:**

- **विश्व पर्यावरण दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)** द्वारा मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन 1972 के पहले दिन को चिह्नित करने के लिए की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- **यह प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)** द्वारा आयोजित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- पहला विश्व पर्यावरण दिवस "केवल एक पृथ्वी" थीम के साथ मनाया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**64. हाल ही में समाचारों में रहे डार्क ऑक्सीजन को सबसे उपयुक्त रूप से इस प्रकार परिभाषित किया गया है:**

A. उथले जल में प्रकाश संश्लेषण द्वारा उत्पादित ऑक्सीजन।
B. पृष्ठीय स्तरों में कार्बनिक अपघटन से निर्मित ऑक्सीजन।
C. अथाह/वितलीय क्षेत्र, जहाँ सूर्य का प्रकाश नहीं पहुँच सकता, में संभवत: पॉलीमेटेलिक नोड्यूल (बहुधात्विक ग्रंथिकाओं) द्वारा उत्पादित ऑक्सीजन।
D. बर्फ में निहित ऑक्सीजन जो पिघलने पर मुक्त होती है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **डार्क ऑक्सीजन** समुद्र के वितलीय क्षेत्र, जहाँ प्रकाश संश्लेषण के लिये सूर्य का प्रकाश अपर्याप्त होता है, में निर्मित होने वाली ऑक्सीजन को संदर्भित करता है।
- वैज्ञानिकों ने **इन क्षेत्रों में ऑक्सीजन की सांद्रता में अप्रत्याशित वृद्धि** प्रेक्षित की और अनुमान लगाया कि **पॉलीमेटेलिक नोड्यूल** विद्युत आवेशों को परिवहन करके **इस घटना के लिये जिम्मेदार** हो सकते हैं जो जल के अणुओं का विघटन करते हैं, जिससे ऑक्सीजन का विरचन होता है।
- यह खोज ऑक्सीजन के अन्य स्रोतों से भिन्न है, जैसे उथले जल में प्रकाश संश्लेषण या पृष्ठीय स्तरों में कार्बनिक अपघटन, जो अच्छी तरह से ज्ञात हैं और अंधेरे, गहन समुद्री वातावरण में नहीं होते हैं।

**अत: विकल्प C सही है।**

**65. मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (MOC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण अटलांटिक से नॉर्डिक समुद्र तक गर्म, लवण जल का प्रवाह करता है।
2. MOC के पूरे परिसंचरण चक्र को महासागरीय कन्वेयर बेल्ट के रूप में जाना जाता है जो बहुत तीव्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (MOC) वैश्विक महासागरीय परिसंचरण का एक महत्त्वपूर्ण घटक है,** जो जल, ऊष्मा, लवण, कार्बन और **पोषक तत्त्वों को मुख्य रूप से** महासागरीय बेसिन के भीतर व बीच में **उत्तर-दक्षिण दिशा में ले जाता है।**
  - यह **पृथ्वी की जलवायु को विनियमित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**
- अटलांटिक महासागर में, ऊष्म और लवणीय जल **दक्षिण अटलांटिक से नॉर्डिक समुद्र** (ग्रीनलैंड, इंग्लैंड और उत्तरी कनाडा के पास) **की ओर प्रवाहित होता है। अत: कथन 1 सही है।**
  - यहाँ, यह जल **ठंडा होकर सघन हो जाता है** और समुद्र तल की ओर प्रवाहित होता है, जिससे **गहन जल-धाराएँ बनती हैं** जो दक्षिण की ओर अंटार्कटिका की ओर प्रवाहित होती हैं।
- MOC का संपूर्ण परिसंचरण चक्र, जिसे **महासागरीय कन्वेयर बेल्ट** के रूप में भी जाना जाता है, **बहुत ही धीमा** है। बेल्ट के साथ जल की किसी मात्रा (किसी भी दिये गए घन मीटर की मात्रा) को एक चक्र पूरा करने के लिये को लगभग **1,000 वर्ष** लगते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**66. भारत में आत्महत्या रोकथाम पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति (NSPS) का लक्ष्य वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर को 25% तक कम करना है।

2. NSPS की योजना ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से सभी ज़िलों में मनोरोग बाह्य रोगी विभाग स्थापित करने की है।
3. KIRAN मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिये स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1, 2 और 3
D. केवल 1 और 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में आत्महत्या रोकथाम के लिये राष्ट्रीय रणनीति का लक्ष्य बहुक्षेत्रीय सहयोग, समावेशिता और नवाचार के माध्यम से **वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर को 10% तक कम करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से पाँच वर्षों के भीतर **सभी ज़िलों में मनोरोग बाह्य रोगी विभाग स्थापित करने** की योजना बना रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** ने मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिये **24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन "KIRAN"** शुरू की है। इसका उद्देश्य तनाव, चिंता, अवसाद, आत्महत्या के विचार आदि का अनुभव करने वाले लोगों की सेवा करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**67. समुद्री शैवाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये आदिम फूल वाले समुद्री शैवाल हैं।
2. बड़े समुद्री शैवाल घने पानी के नीचे जंगलों का निर्माण करते हैं जिन्हें बोरियल वन के रूप में जाना जाता है।
3. मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने तमिलनाडु में एक समुद्री शैवाल पार्क स्थापित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ये शैवाल जड़, तना और पत्तियों रहित बिना फूल वाले होते हैं, जो समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समुद्री शैवाल पानी के नीचे जंगलों का निर्माण करते हैं, जिन्हें **केल्प वनों (Kelp Forest)** कहा जाता है। ये जंगल मछली, घोंघे आदि के लिये नर्सरी का कार्य करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय मछुआरों की आजीविका** में सुधार करने हेतु तमिलनाडु में एक सीवीड/समुद्री शैवाल पार्क को स्थापित किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**68. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| सतत् विकास लक्ष्य (SDGs) | लक्ष्य |
|---|---|
| 1. SDG 3 | a. अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण |
| 2. SDG 5 | b. लैंगिक समानता |
| 3. SDG 7 | c. सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सतत् विकास लक्ष्य (SDG):**

- **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)** को वैश्विक लक्ष्यों के रूप में भी जाना जाता है, वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा **गरीबी उन्मूलन, ग्रह की रक्षा करने** और वर्ष 2030 तक सभी की **शांति एवं समृद्धि** को सुनिश्चित करने के लिये इसे एक सार्वभौमिक आह्वान के रूप में अपनाया गया था।
- **17 सतत् विकास लक्ष्य, 169 लक्ष्य और 231 विशिष्ट संकेतक** हैं जो वैश्विक तथा राष्ट्रीय विकास नीतियों की दिशा को आकार देते हैं।
- **महत्त्वपूर्ण SDG हैं:**
  - **SDG 3:** अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण
  - **SDG 5:** लैंगिक समानता
  - **SDG 7:** सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा

**अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**69. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री
2. गृह मंत्री
3. विधानसभा वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री

**उपर्युक्त में से कौन-से व्यक्ति नीति आयोग की शासी परिषद के सदस्य हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नीति आयोग की शासी परिषद:**

- **शासी परिषद** एक प्रमुख निकाय है जिसका **कार्य विकास को आकार देने में** राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ **राष्ट्रीय प्राथमिकताओं** और रणनीतियों का **साझा दृष्टिकोण विकसित करना है।**
- **सदस्य:**
  - **भारत के प्रधानमंत्री (अध्यक्ष)**
  - **मुख्यमंत्री (विधानसभा वाले राज्य और केंद्रशासित प्रदेश)**
  - अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल
  - पदेन सदस्य
  - नीति आयोग के उपाध्यक्ष
  - नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य
  - विशेष आमंत्रित सदस्य

**अत: विकल्प B सही है।**

**70. चार्ल्स डार्विन के मेंढक से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये डिक्रोग्लोसिडे फैमिली से संबंधित हैं
2. ये प्रजनन स्थलों के रूप में प्लास्टिक की थैलियों जैसी कृत्रिम वस्तुओं का भी प्रयोग करते हैं।
3. ये वर्तमान में IUCN रेड लिस्ट में संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चार्ल्स डार्विन का मेंढक **डिक्रोग्लोसिडे परिवार** से संबंधित है, जो एशियाई मेंढकों का एक बड़ा समूह है जिसमें 220 से अधिक प्रजातियाँ हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इनका नाम प्रसिद्ध प्रकृतिवादी **चार्ल्स डार्विन** के सम्मान में रखा गया है।
- ये मेंढक अपने **स्थलीय अंडे जलीय पृष्ठ पर देते हैं तथा जनन प्रक्रिया के दौरान जलीय पादप गुहा की भित्तियों पर उल्टा होकर अंडे देते हैं,** जो संभवत: **आवास के ह्रास** के प्रति हुए उनके अनुकूलन को दर्शाता है।
- विखंडित वन्य आवास के कारण, मेंढकों की यह प्रजाति **अब प्रजनन स्थल के रूप में प्लास्टिक की थैलियों** जैसी कृत्रिम वस्तुओं का उपयोग करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस मेंढक को वर्तमान में **IUCN रेड लिस्ट** में 'सुभेद्य' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

■■■

नोट :